Hindi

medicare

Mental Health Centres

# नि:शुल्क और गोपनीय सहायता जब आपको इसकी आवश्यकता हो

**मेडिकेयर मानसिक स्वास्थ्य केंद्रों में मित्रतापूर्ण वातावरण होता है जहाँ हर कोई नि:शुल्क और गोपनीय मानसिक स्वास्थ्य संबंधी जानकारी, सेवाएँ और सहायता प्राप्त कर सकता है।**

वे परेशान लोगों को और साथ ही उनके परिवारों और देख-भाल करने वालों को तत्काल सहायता प्रदान करते हैं।

मेडिकेयर मानसिक स्वास्थ्य केंद्र अधिक घंटों तक खुले रहते हैं, और मिलने का समय तय करने, किसी संदर्भ पत्र (रेफ़रल) या मेडिकेयर कार्ड की आवश्यकता नहीं होती है।

समय के साथ और भी मेडिकेयर मानसिक स्वास्थ्य केंद्र खुलेंगे, जिससे अधिक से अधिक समुदायों को नि:शुल्क, मिलने का समय तय किए बिना (वॉक-इन) मानसिक स्वास्थ्य सहायता प्राप्त हो सकेगी।

## मेडिकेयर मानसिक स्वास्थ्य केंद्र आपकी सहायता करने के लिए हैं

चाहे आपने पहले कभी मानसिक स्वास्थ्य संबंधी चुनौतियों का सामना किया हो या आप पहली बार सहायता प्राप्त करने के लिए आए हों, यहाँ सभी का स्वागत है।

मेडिकेयर मानसिक स्वास्थ्य केंद्र निम्नलिखित सुविधाएँ प्रदान करते हैं:

- परेशान लोगों की तत्काल सहायता करना और आगे भी सहायता करना;
- मानसिक स्वास्थ्य संबंधी चिंताओं वाले लोगों को सहायता;
- मानसिक स्वास्थ्य के संकट का सामना कर रहे लोगों के देख-भाल करने वालों और परिवारों को सहायता;
- लोगों को अन्य सेवाओं से जुड़ने में सहायता करना जिससे वे भविष्य में अपने स्वास्थ्य, मानसिक स्वास्थ्य और आवास एवं रोज़गार प्राप्त करने जैसी चीज़ों में सामाजिक सहयोग प्राप्त कर सकें।

इन केंद्रों में योग्य पेशेवर और ऐसे लोग काम करते हैं जिन्हें मानसिक अस्वस्थता का व्यक्तिगत अनुभव है। ये केंद्र आपको अभी और भविष्य में भी आवश्यक नि:शुल्क सहायता प्रदान करते हैं। जिस सहायता की आवश्यकता आपको अब है या भविष्य में पड़ सकती है, उसे ये केंद्र नि:शुल्क प्रदान करते हैं।

मेडिकेयर मानसिक स्वास्थ्य केंद्र शीघ्र ही और अधिक सेवाएँ भी प्रदान करेंगे, जिससे यह सुनिश्चित हो सकेगा कि प्रत्येक केंद्र में एक मनोवैज्ञानिक और मनोचिकित्सक व्यक्तिगत रूप से या टेलीहेल्थ के माध्यम से नि:शुल्क और आसानी से उपलब्ध रहेंगे।

**मेडिकेयर मानसिक स्वास्थ्य केंद्रों के बारे में अधिक जानकारी प्राप्त करने के लिए:**

- health.gov.au/medicare-mental-health पर जाएँ
- सप्ताह के दिनों में सुबह 8:30 बजे से शाम 5 बजे तक 1800 595 212 पर फ़ोन करें।

**आपात स्थिति में, हमेशा तीन शून्य (000) पर फ़ोन करें या सीधे अपने निकटतम आपातकालीन विभाग में जाएँ।**

Australian Government
Department of Health and Aged Care